कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-11.07.2024

विषयः- थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा खोयी हुई मोटरसाईकिल को मात्र 05 घण्टे के अन्दर बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द किया गया।

दिनांक-10.07.2024 को श्री दीपक सोनकर पुत्र हजारीलाल सोनकर निवासी शिवदासपुर थाना मंडुवाडीह जनपद वाराणसी जो कैंटोनमेंट क्षेत्र में 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर पर काम करने हेतु आए हुए थे, उनके द्वारा थाना कैंट पुलिस को शाम करीब 05.00 बजे सूचना दी गई कि शारदा मोटर्स कैंट एरिया के पास से उनकी ब्लैक कलर की बजाज पल्सर मोटरसाईकिल चोरी हो गयी है। सूचना पाकर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए उक्त मोटर साईकिल की तलाश की जाने लगी और कमांड सेंटर के कैमरों की मदद से मात्र 05 घण्टे के अंदर समय करीब रात्रि 09.00 बजे थाना कैण्ट की पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटर साईकिल को कैंट स्टेशन प्लेटफॉर्म नं0 9 के समीप एयरफोर्स चौराहे के पास की एक गली से बरामद कर वाहन स्वामी को थाने पर बुलाकर उनकी मोटरसाईकिल को सुपुर्द किया गया।

वाहन स्वामी द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा धन्यवाद दिया गया।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थाना कैण्ट के उ0नि0 आयुष पाण्डेय व का0 सचिन मिश्रा की भूमिका सराहनीय रही।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

थाना-कैण्ट
पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी
9454404379